तापमान

अधिकतम 29.1 डिग्री
न्यूनतम 7.4 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, गुरुवार 13 नवम्बर 2025



11 विवि में अकादमिक व प्रशासनिक विकास केन्द्र होगा स्थापित





12 रामकरण हत्याकांड का आरोपी काबू





iNDAn Defence Personnel In The Making | GenIAS GENERATION - POLICY MAKER | SMART | SHOW LEAD Nurturing Leaders, Empowering Children | THE LEADER ASSESSING LEADERSHIP - IDENTIFYING PASSION | ALUMINATOR Alumni Mentors

i GURU Innovative Educator | CHAMPIONS OF CHANGE Nurturing Leaders for Social Impact | MAAENTOR Maa Bhi Mentor Bhi | WonderKid A Show of Little Hearts | MAYA KRISHAN SCHOLARSHIP | GAME CHANGERS A World Class Cricket and football Coaching Centre in Sonepat

# RISHIKUL WORLD ACADEMY

Devru Road Sonepat (NCR) Haryana

*presents*

# SMART

STUDENT MENTAL APTITUDE REWARD TEST

**ON SUNDAY, 16 NOVEMBER 2025 | 10:00 AM**

and invites participation of students from Class 3 to 9

to assess Aptitude, Verbal and Logical Skills

*& Win Exciting Prizes*

* A Social Career Awakening Programme




**Situation Vacant :** PGT, TGT & PRT (All Subjects), NTT/JBT, Librarian, Music, Dance & Sports Trainer, Accountant, etc.
Email Resume at rwasonepat@gmail.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| **RISHIKUL VIDYAPEETH (City Wing)**<br>Gohana Road, Sonepat (NCR), Haryana<br>7027766664/ 5/ 7056000346<br>www.therishikul.edu.in | **RISHIKUL WORLD ACADEMY**<br>Sonepat (NCR), Haryana<br>7027766661/ 2/ 3<br>www.rishikulworldacademy.edu.in | **RISHIKUL VIDYAPEETH**<br>Alipur, Delhi<br>7027766667/ 7056000347/8<br>www.rishikulvidyapeethdelhi.edu.in | **CITY TODDLER**<br>Alipur, Delhi<br>7056000348<br>www.citytoddlers.com |

## खबर संक्षेप



### नेशनल स्कूल गेम्स में परीक्षित ने जीता गोल्ड

**सोनीपत।** ताइक्वांडो अकादमी, सोनीपत के होनहार खिलाड़ी परीक्षित खत्री ने स्कूल गेम्स नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप (अंडर-19 वर्ग) में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। जम्मू में 8 से 13 नवंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर 73 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में परीक्षित खत्री ने मध्य प्रदेश के खिलाड़ी को पहले राउंड में 15-6 और दूसरे राउंड में 14-2 से पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया। कोच राजेश सैनी ने बताया कि परीक्षित लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इससे पहले वह दिल्ली में हुई कुकीवोन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भी अपने भार वर्ग में गोल्ड जीत चुका है। इसके अलावा जयपुर में आयोजित ओपन कैश प्राइज टूर्नामेंट में भी गोल्ड मेडल के साथ नकद पुरस्कार जीत चुका है। परीक्षित का चयन सरकारी साई सेंटर, रायबरेली में भी हुआ है।

### सीखने का सफर कार्यक्रम का आयोजन



**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर में बुधवार को कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ स्कूल स्टाफ।

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में 12 नवंबर को कक्षा पीपी-3 के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अनुभव - सीखने का सफर विषय पर एक मनमोहक कक्षा प्रस्तुति में अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में गीतों, नृत्य और भावों के माध्यम से नन्हे-मुन्नों की सीखने की यात्रा को दर्शाया गया। प्रधानाध्यापिका, स्वाति बालियान ने अभिभावकों को संबोधित किया और शिक्षकों के अथक प्रयासों, छात्रों के उत्साह और अभिभावकों के निरंतर सहयोग की सराहना की।

### बिजली विभाग में ठेका कर्मियों का धरना जारी

सोनीपत। बिजली विभाग में ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों को हटाए जाने के विरोध में बुधवार को तीसरे दिन भी कर्मचारियों का धरना जारी रहा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने "ठेका प्रथा एक गुलाम की जंजीर है" के नारे लगाते हुए आईटीआई चौक पर ठेका प्रथा की शव यात्रा निकालकर उसका प्रतीकात्मक दहन किया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि ठेका प्रथा में मजदूरों का शोषण हो रहा है। बिजली विभाग में लाइनमैन को 10500 रुपये और हेल्पर को 9000-10000 रुपये दिए जा रहे थे, जो न्यूनतम वेतन से भी कम हैं। उन्होंने कहा कि सरकार "समान कार्य समान वेतन" के सिद्धांत की धज्जियां उड़ा रही है। धरने में यशपाल बजाना, नरेंद्र, दिनेश, संदीप, कुलदीप, राजवीर, सुमित, सुरेश, जगविंदर सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हुकटा प्रदेशाध्यक्ष ने सीएम से की मुलाकात

**गोहाना।** हरियाणा के सरकारी विश्वविद्यालयों में कार्यरत अनुबंधित सहायक प्राध्यापक लंबे समय से नौकरी की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक यह मांग पूरी नहीं हुई है। इस मांग को लेकर हरियाणा विश्वविद्यालय अनुबंधित शिक्षक संघ (हुकटा) के प्रदेशाध्यक्ष विजय मलिक ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से आवास पर मुलाकात कर विश्वविद्यालयों में कार्यरत अनुबंधित सहायक प्राध्यापकों की सेवा सुरक्षा संबंधी फाइल पर स्वीकृति प्रदान करने तथा सत्र में कानून पारित करवाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में उच्च अधिकारियों को आदेश दे रखे हैं कि विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों की जॉब सिक्योरिटी की फाइल पर विचार करके अतिशीघ्र कार्रवाई करें।

## राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में 8वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

# ममता और मोहर सिंह को बेस्ट एथलीट का खिताब मिला

**विजेताओं को अतिथियों एवं महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने अपना आशीर्वाद दिया**



**गोहाना।** खेलों में प्रतिभागी खिलाड़ी अतिथियों एवं शिक्षकों के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राजकीय महाविद्यालय, बड़ौता में बुधवार को 8वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। वार्षिक खेलोत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। वार्षिक खेलों का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय जसिया के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. रणबीर काद्यान ने किया।

अध्यक्षता मेजबान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने की। संयोजन डॉ. प्रदीप कुंडू का रहा। खेलों में एथलीट प्रतियोगिता में महिला वर्ग में ममता और पुरुष वर्ग में मोहर सिंह को बेस्ट एथलीट का पुरस्कार मिला। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को अतिथियों एवं महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने अपना आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### लॉन टेनिस में टीका राम गर्ल्स कॉलेज ने जीता ब्रॉन्ज मेडल, बढ़ाया मान



**सोनीपत।** मदवि द्वारा आयोजित लॉन टेनिस इंटर कॉलेज प्रतियोगिता मे टीकाराम कन्या महाविधालय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्या गीता ने छात्राओं को बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. सुमन मान ने बताया की यह प्रतियोगिता 29 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2025 को एमडीयू रोहतक के आयोजित की गई थी। जिसमें कॉलेज ने सैमी फाइनल एमकेजेके कॉलेज के साथ खेला, जिसमे 6-5, 7-5,7-6 स्कोर किया तथा तीसरे स्थान के लिए गुरुग्राम एमडीयू की टीम को 7-0, 7-0, 7-0 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बीपीएड की छात्रा रूतवी चौधरी ने कॉलेज को तीसरा स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. अल्का, सविता ने खिलाडीयों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने की कामना की।



**खरखौदा।** खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए प्राचार्या दया दहिया। फोटो : हरिभूमि

### नेशनल स्केटिंग स्पर्धा में तन्मय और यश राणा ने जीते स्वर्ण पदक

■ स्कूल पहुंचने पर दोनों खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

**खरखौदा।** देहरादून में आयोजित 7 वीं राष्ट्रीय बैंडी स्केटिंग चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों तन्मय और यश राणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। स्कूल पहुंचने पर दोनों खिलाड़ियों का द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, डॉ. दीपिका दहिया व स्केटिंग कोच सुमनलता द्वारा स्वागत किया गया।

विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान वेदप्रकाश दहिया व संस्थापक सतप्रकाश दहिया ने इन खिलाड़ियों को विशेष रूप से बधाई दी। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया ने कहा कि तन्मय अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 4 पदक जीत चुका है।

वहीं यश राणा ने 3 पदक हासिल कर हरियाणा प्रदेश व प्रताप स्कूल का गौरव बढ़ाया है। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने कहा कि हमने शिक्षा और खेल को एक ही मंच पर लाने का कार्य किया है। खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता, कोच और विद्यालय प्रबंधन समिति को दिया।



**सोनीपत।** स्कूल में विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छाए तनिषा और खुशी

**प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बड़ी उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को अपने पोस्टरों के माध्यम से सुंदर अभिव्यक्ति दी। बच्चों ने अपने रंगों और विचारों के माध्यम से समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट रचनात्मकता और अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया।

विद्यालय स्तर पर नौवीं कक्षा की छात्रा तनिषा, बाहरवीं कक्षा की ख़ुशी ने प्रथम, दसवीं कक्षा की छात्रा लक्ष्मी, ग्यारवीं कक्षा की आँचल ने द्वितीय स्थान और नौमीं कक्षा की छात्रा दिव्या, ग्यारवीं कक्षा की तीर्थ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने विजेताओं को बधाई दी तथा सभी विद्यार्थियों को आगे भी ऐसे रचनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# शिक्षकों को सिखाई नई शिक्षा तकनीक



**सोनीपत।** साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल में आयोजित कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में अधिकारियों के साथ मौजूद शिक्षक।

■ साउथ प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल, मुरथल (सोनीपत) में हुआ सफल आयोजन

**सोनीपत।** साउथ प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल, मुरथल (सोनीपत) में 8 और 9 नवम्बर 2025 को अंग्रेज़ी कोर (वरिष्ठ स्तर) विषय पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम (कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम-सीबीपी) का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अंग्रेज़ी शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना और कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावशाली बनाना था। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति के रूप में नवयुग पब्लिक स्कूल की प्राचार्य डॉ. निशा कुमारी और ओम पब्लिक स्कूल, गोहाना से अंग्रेजी विभाग की एचओडी मंजू लता ने सहभागिता की। इसमें सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, पिहोवा, रोहतक सहित हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए पीजीटी अंग्रेज़ी अध्यापकों ने हिस्सा लिया। साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल के प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्रों में ब्लूम्स टैक्सोनॉमी, रीडिंग एवं राइटिंग स्किल्स, शब्दावली विकास तथा कविताओं के अध्यापन के रचनात्मक व तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साउथ प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने कहा कि शिक्षक समाज की नींव होते हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को अपने विषय में गहराई के साथ-साथ विद्यार्थियों के साथ जुड़ाव का अवसर देते हैं। एक्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने सभी का आभार प्रकट किया।

# बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय खरखौदा में खंड स्तरीय बाल वैज्ञानिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में खंड के राजकीय एवं हरियाणा बोर्ड से संबद्ध प्राइवेट विद्यालयों के छठी से बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों ने भाग लिया। इस बार की विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य विषय विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए स्टेम रहा। जिसमें सात उप विषय- सतत कृषि, कचरा प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती हुई तकनीकें, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य व स्वच्छता तथा जल संरक्षण व प्रबंधन रहे। इस प्रदर्शनी का आयोजन एससीईआरटी गुरुग्राम के द्वारा कराया जा रहा है, ताकि छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक क्षमता, रचनात्मकता व तकनीकी ज्ञान का विकास हो। यही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य भी है कि छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं रचनात्मकता का विकास किया जाए। विज्ञान और गणित जैसे विषयों से दूर नहीं भागना चाहिए। दोनों ही विषय हमारी रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े हुए हैं। हमें दोनों ही विषयों को समझने का भरपूर प्रयास करना चाहिए।



**खरखौदा।** बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का अवलोकन करते अधिकारी।

**100 छात्रों ने भाग लिया**

प्रतियोगिता में राजकीय एवं अराजकीय विद्यालयों के लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया। खंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। डायट बीसवां मील से डॉ. सुशील शर्मा (डायट लेक्चरर), पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा से नीतू (प्रवक्ता भौतिक विज्ञान) तथा कल्पना चावला विद्यापीठ खरखौदा से सुमित (प्रवक्ता रसायन विज्ञान) ने निर्णायक की भूमिका निभाते हुए आगामी स्तर की प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का चयन किया। प्रत्येक सब थीम से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को कार्यक्रम के समापन पर प्रशंसा-पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। खंड संसाधन समन्वयक कार्यालय खरखौदा की ओर से डॉ नवीन कुमार, किरण डारोलिया, संजीव रावल, सचिन, राजेश, रितु, कविता, सुमन, निशा, सीमा, कविता, नीना तथा अन्य ने सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### एलसीएलओ कर्मचारियों ने बनाई रणनीति, मंत्री आवास घेराव के लिए बच्चों सहित पहुंचेंगे गोहाना

**गन्नौर।** एलसीएलओ कर्मचारियों के प्रति नकारात्मक रवैए के चलते वीरवार को गोहाना में मंत्री डॉ अरविंद शर्मा कि कोठी के घेराव को लेकर होने वाले घेराव के लिए संगठन जिला अध्यक्ष रीतू नैन के नेतृत्व में रोहतक , झज्जर, सोनीपत के एलसीएलओ कर्मचारियों ने नन्हें बच्चों सहित कूच कि सभी तैयारियां पूरी कर ली है। जिलाध्यक्ष रीतू नैन ने बताया कि हजारों एलसीएलओ की नियुक्ति के समय पदनाम बदल दिया गया जिसके चलते 18 महीने से न काम मिला और न ही वेतन। रीतू नैन ने बताया कि कर्मचारियों की नियुक्ति हरियाणा की ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिवालयों में होनी थी,जहां बैठकर ये फैमिली ढ्ष्ठ से जुड़े कार्य व आय प्रमाण पत्र,राशन कार्ड,निवास प्रमाण पत्र,पेंशन वेरिफिकेशन इत्यादि का कार्य करते। लेकिन चयन के बाद इसमें से करीब साढ़े तीन हजार को सीपीएलओ और कुछ का पदनाम बदलकर एलसीएलओ (लोकल कमेटी लोकल ऑपरेटर) का ऑफर ऑफ अप्वाइंटमेंट दिया। जबकि विज्ञापन सीपीएलओ (क्रिड़ पंचायत लोकल ऑपरेटर) का था। जिनका पदनाम बदलकर एलसीएलओ बनाया, को ना तो कोई वेतन मिल रहा है और न ही कोई काम दिया जा रहा है।



### रोहणा में कृषि शिविर आयोजित

**खरखौदा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग सोनीपत के उपनिदेशक डॉ. पवन शर्मा निदेशानुसार डॉ रविन्द्र दहिया खंड कृषि अधिकारी खरखौदा ने गाँव रोहणा में प्राकृतिक खेती किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। जिसमें गाँव के 100 से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया। जिनको विभाग की टीम द्वारा प्राकृतिक खेती के बारे जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र से डॉ प्रविन्द्र मलिक ने अपने विचारों में जहर मुक्त खेती को अपनाने की अपील की और प्राकृतिक खेती करने के विभिन्न तरीकों को किसानों के साथ साझा किया। उपमंडल कृषि अधिकारी संदीप वर्मा ने किसानों को रसायनिक खादों का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया व हिदायत दी की विभाग की सलाह के बिना अनावश्यक दवाइयों का उपयोग करने से बचे और अपने स्वास्थ्य की रक्षा करें। कृषि विभाग खरखौदा के कृषि पर्यवेक्षक रघुराज सिंह दहिया ने गाँव के किसानों को मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल, प्राकृतिक खेती से जुड़ी सभी स्कीमों की जानकारी दी और समय-समय पर पंजीकरण करवाने को प्रेरित किया। इस शिविर को कृषि विभाग खरखौदा से एटीएम दीपक दहिया, कृषि पर्यवेक्षक विकाश चौधरी व मनुबाला तथा एफ एम अजय कुमार ने किसानों को जागरूक किया और शिविर को सफल बनाने में योगदान दिया।



# सत्य और धर्म की रक्षा के लिए किसी भी भय से ऊपर उठना सच्चा राष्ट्रधर्म : कुलपति अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

■ गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस की पावन स्मृति में संगोष्ठी

खेल विश्वविद्यालय राई में बुधवार को गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस की पावन स्मृति में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य गुरु के त्याग, बलिदान और मानवीय मूल्यों के संदेश को विद्यार्थियों तक पहुँचाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति अशोक कुमार ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा गुरु तेग बहादुर जी का जीवन साहस, निष्ठा और त्याग का प्रतीक है। उन्होंने दिखाया कि सत्य और धर्म की रक्षा के लिए किसी भी भय से ऊपर उठना ही सच्चा राष्ट्रधर्म है। खेल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी गुरु जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन में अनुशासन, समर्पण और सेवा के मूल्य अपनाएँ। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. वीरेन्द्र सिंह ढिल्लों, सह-प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (इतिहास), महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय, जगधारी ने अपने विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान में ऐतिहासिक ग्रंथ रवि प्रकाश के माध्यम से गुरु तेग बहादुर के जीवन, दर्शन और उनके अद्वितीय बलिदान की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका जीवन न केवल सिख इतिहास का गौरव है,बल्कि संपूर्ण मानव सभ्यता के लिए अमर प्रेरणा है।

# मेयर ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने रैन बसेरो का औचक निरीक्षण कर सारी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और कमिया दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए ताकि सर्द रातों में रैन बसेरो में आश्रय लेने वाले नागरिकों को पूरी सुविधा मिल सके।

बीती रात सबसे पहले शनि मंदिर के सामने स्थाई तौर पर बनाए गए रैन बसेरे में पानी की उपलब्धता में आ रही परेशानी का नोटिस लेते हुए तुरंत ठीक करने तथा गर्म पानी की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने रेन बसेरों में सो रहे नागरिकों से भी जानकारी ली और रिकॉर्ड भी चेक किया। हिंदू कॉलेज के सामने के केबिन में बनाए गए रैन बसेरे की खिड़कियां ठीक करने और पेयजल के लिए जग रखने के निर्देश दिए। जीटी रोड पर बहालगढ़ व मुरथल फ्लाईओवर के नीचे अस्थाई रैन बसेरों में गद्दे बदलने, छतों व दीवारों की मरम्मत करने तथा केबिन पर रंग रोगन करवाने के भी आदेश दिए। इसी तरह सिविल हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम रूम के सामने बनाए गए रैन बसेरे में कोई व्यवस्था नहीं मिली, गद्दे सारे चूहे ने काट रखे थे और कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं लगी है रैन बसेरे में तुरंत व्यवस्था दोबारा करने एवं कर्मचारी ड्यूटी लगाने के लिए निर्देश दिए। राजीव जैन ने कहा कि सर्द रातों में सड़क पर सोने वाले नागरिकों की मौत तय हो जाती है इसलिए नगर निगम ने रैन बसेरों की व्यवस्था की है उन्हें अधिकारियों को भी निर्देश दिए की रात में सड़कों का दौरा कर सड़क पर कोई सोता मिले तो उसे रैन बसेरों में पहुंचना सुनिश्चित करें।



**सोनीपत।** रैन बसेरों का निरीक्षण करते मेयर राजीव जैन।

# गांधी नगर में गलियों का बुरा हाल नालियों का पानी गली में भरने से बढ़ी परेशानी

**गन्नौर।** गांधी नगर के हालात इन दिनों बेहद दयनीय बने हुए हैं। ओवरब्रिज के सर्विस रोड के साथ सीवर बैंक मारने के कारण वार्ड 1 में गली हर रोज पानी भरने से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। गली में हर दिनभर गंदा पानी फैला रहता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारी स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे। वार्डवासी संजय,गुलाब ,विनोद, सरोज, बिमला आदि ने बताया नालों में गंदा और दूषित पानी भरा हुआ है, जो गली में फैलकर बदबू और संक्रमण का कारण बन रहा है। इस गंदगी से क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। लोगों का कहना है कि थोड़ी सी सीवर रुकावट होते ही नालों का पानी गली में बैक फ्लो में बहने लगता है क्योंकि गली सड़क से काफी निचाई पर है। अंधेरे में रात के समय हादसों का डर बना रहता है, वहीं महिलाओं और बच्चों के लिए रास्तों से गुजरना असुरक्षित महसूस होता है। वार्ड के लोगों ने नगर पालिका और जनस्वास्थ्य विभाग से कार्रवाई की मांग की है ताकि गली की सीवर और सफाई व्यवस्था सुधारी जा सके। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे सामूहिक रूप से सीएम विंडो पर शिकायत करेंगे।



**गन्नौर।** नाली के ऊपर रखे उभरे जाल, गली में जमा गंदा पानी बीमारियों को दे रहा न्योता।

# ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच का धरना 42वें दिन भी जारी



**सोनीपत।** ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, संबंधित मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बली सेना सोनीपत यूनियन का धरना बुधवार को 42वें दिन भी जारी रहा, जबकि कर्मचारियों की भूख हड़ताल 12वें दिन में प्रवेश कर गई। धरने की अध्यक्षता सचिव सावन कुमार ने की और संचालन सहसचिव युधिष्ठिर ने किया।

धरने पर मौजूद कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से जारी आंदोलन के बावजूद शासन और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे 13 नवंबर से नगर निगम परिसर में दिन-रात अमरण अनशन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि अनशनरत कर्मचारियों के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है तो उसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश कर्मा, उपप्रधान रविंदर, मीडिया प्रभारी प्रवीण, सुमित, रितेश कुमार, रणबीर, टेकराम, जितेंदर, गुलाब, माया, सुनीता, पूनम, सुदेश, आरती सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। यूनियन की ओर से जानकारी सचिव सावन कुमार ने दी।

## खबर संक्षेप

### स्वर्गीय लाजपत राय मुंजाल के किए नेत्रदान


लाजपत राय मुंजाल।

**सोनीपत।** स्वर्गीय लाजपत राय मुंजाल के मरणोपरांत उनके परिवार ने नेत्रदान कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। महात्मा आशानन्द वधवा हिन्दू मंच सोनीपत के तत्वावधान में यह नेत्रदान उनकी धर्मपत्नी प्रेम लता मुंजाल तथा पुत्र रोहित मुंजाल और विकास मुंजाल की सहमति से कराया गया। नेत्रदान की प्रेरणा बलदेव राज आहूजा, हरि चन्द स्नेही, हर भगवान रहेजा और ओम प्रकाश झांब ने दी।

### बस से फोटोग्राफर का कैमरा चोरी

**सोनीपत।** मुरथल स्थित हवाई अड्डा होटल परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब एक फोटोग्राफर का 60 हजार रुपये कीमत का कैमरा बस से चोरी हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों से एक संदिग्ध युवक की तस्वीरें प्राप्त हुई हैं। पंजाब के लुधियाना स्थित छाबड़ा कॉलोनी निवासी चिराग अरोड़ा ने बताया कि वह कमल स्टूडियो में फोटोग्राफर के रूप में काम करते हैं। सोमवार देर रात वह दिल्ली से पंजाब जाने के लिए एक निजी बस में सवार हुए थे। उनके पास लगभग 60 हजार रुपये कीमत का कैमरा था। जो चोरी हो गया।

### कच्चे क्वार्टर बाजार में किया हंगामा, रोड जाम की दी चेतावनी

# सीवर के लिए सड़क खोदी, टूटे पेयजल कनेक्शन, दुकानदारों ने किया प्रदर्शन

## कई दिनों से चल रहा सीवर लाइन दबाने का काम, सकड़ पर खोदे गड्ढे

- अधिकारियों ने कहा- जल्द होगा समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कच्चे क्वार्टर बाजार में बुधवार को दुकानदारों ने हंगामा कर दिया। सीवर लाइन दबाने के लिए खोदी गई सड़क के चलते पानी के कनेक्शन कटने से नाराज दुकानदारों ने सुबह के समय दुकानें बंद कर नगर निगम के खिलाफ रोष जताया। इस दौरान स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि इलाके में पेयजल संकट बन गया है। कई दुकानों और घरों में पीने को पानी नहीं है। इसके अलावा सड़क पर जो गड्ढा बना हुआ है, उसमें रोजाना कोई ना कोई गिर कर घायल हो रहा है। इस दौरान दुकानदारों ने रोड जाम की चेतावनी दी। इस मामले में नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पेयजल कनेक्शन जोड़ दिए जाएंगें और गड्ढा भी मिट्टी से भर दिया जाएगा।


**सोनीपत।** कच्चे क्वार्टर बाजार में प्रदर्शन के दौरान रोष जताते हुए दुकानदार।

### कई दिनों से जारी 1.19 करोड़ का काम

नगर निगम की ओर से सीवर लाइन डालने के कार्य पर 1.19 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे है। नगर निगम ने तीन माह में सीवर लाइन डालकर उसे चालू करने का दावा किया है। सीवर लाइन डालने के कार्य की शुरुआत 16 अगस्त को विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन ने की थी। उसके बाद मार्केट के व्यापारियों ने नगर निगम को पत्र लिखकर दिवाली पर्व तक सीवर लाइन न डाले जाने की मांग थी। अब दिवाली पर्व बीतने के बाद नगर निगम ने ओल्ड डीसी रोड की तरफ से सीवर लाइन डालने का काम शुरू कर रखा है। कच्चे क्वार्टर मार्केट में सीवर लाइन डालने का काम कई दिनों से जारी है। सीवर लाइन डाले जाने से मार्केट के आसपास रहने वाले 25 हजार से ज्यादा लोगों को परेशानी हो रही है।

### पिछले 15 दिन से परेशानी

कच्चे क्वार्टर बाजार में दुकानदार बुधवार को एकत्रित हो गए। जहां पर प्रधान राकेश चोपड़ा, सोनू, रमेश, आशु, विनोद, दीपक, नरेश मलिक, विक्की सरोहा, बिट्टू नारंग, पिंकू गोयल ने बताया कि करीब 15 दिन पहले नगर निगम में सीवर लाइन डालने का काम शुरू किया था। उस समय दुकानदारों ने इस कार्य का विरोध किया था। इस पर स्थानीय पार्षद ने एक सप्ताह के अंदर सड़क की मरम्मत कराने का काम शुरू किया था। अब बाजार में न तो सड़क की मरम्मत की जा रही है। सीवर लाइन दबाने के लिए खोदे गए गड्ढे की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। उन गड्ढों में गिरने से दुकानदार व बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले लोग गिर रहे हैं।

### स्थिति बदहाल, नहीं बचा रास्ता

व्यापारियों ने बताया कि नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण बाजार में बदहाल स्थिति बनी हुई है। आने जाने के लिए रास्ता तक नहीं बचा है। सीवर लाइन दबाने के चलते उनके पानी के कनेक्शन तक काट दिए गए हैं, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द सड़क की मरम्मत शुरू नहीं की तो वह रोड जाम करने के लिए मजबूर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक सड़क और पानी की समस्या का हल नहीं निकलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### टूटे कनेक्शन को जल्द जोड़ा जाएगा

*जिन घरों व दुकानों के पानी के कनेक्शन टूट गए है, उनको जल्द जोड़ दिया जाएगा। ठेकेदार को सड़क के लेवल गड्ढों में मिट्टी भरने के निर्देश दिए है। मिट्टी बैठने के बाद सड़क का निर्माण कराया जाएगा।*

*-सुधीर मोर, कनिष्ठ अभियंता, नगर निगम*

## सिक्योरिटी गार्ड का दिनदहाड़े अपहरण, पुलिस जांच में जुटी

- राई थाना पुलिस ने दर्ज किया मामला, युवक को तलाशने के लिए टीमें सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव जठेड़ी में रहने वाले 21 वर्षीय सिक्योरिटी गार्ड अर्जुन के अपहरण की वारदात सामने आई है। घटना की जानकारी गांव के युवक हर्ष ने अर्जुन के परिजनों को दी, जिसके बाद परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। गांव जठेड़ी निवासी कुलदीप ने बताया कि उनका बेटा अर्जुन नरेला रोड स्थित एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करता है। मंगलवार शाम को हर्ष ने बताया कि जब अर्जुन ऑटो रिक्शा में जा रहा था, तभी एक ईको गाड़ी में सवार कुछ युवक वहां पहुंचे और अर्जुन के साथ मारपीट करते हुए उसे जबरन गाड़ी में बिठाकर ले गए। कुलदीप और हर्ष तुरंत मौके पर पहुंचे और मैक्स सोसाइटी चौक के पास लोगों से पूछताछ की। आशंका जताई जा रही है कि उसी रंजिश के चलते जोकर और उसके साथियों ने अर्जुन का अपहरण किया है। सूचना पर थाना राई के जांच अधिकारी नरेंद्र टीम सहित मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक जांच की। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### कमलदीप जीजेयू विवि विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष बने

**गोहाना।** गोहाना की चोपड़ा कालोनी निवासी कमलदीप अत्री गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार की विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। वह पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के पीएचडी स्कॉलर हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा गुरु जम्भेश्वर विवि इकाई का गठन किया गया। कार्यकारिणी में कमलदीप अत्री इकाई अध्यक्ष नियुक्त किए गए। उन्होंने कहा कि वह हमेशा ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक काम करते हुए विद्यार्थियों के हितों को उठाने का काम करेंगे।



## मटिंडू में फिर शुरू होगी जमीन दिलवाने की कार्रवाई

### उच्च न्यायालय से स्थगनादेश खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

- पीड़ितों को उनके हिस्से की जमीन नक्शा और पैमाइश के अनुसार लौटाई जाएगी

मटिंडू गांव में लंबे समय से चल रहा जमीन विवाद अब एक बार फिर चर्चा में है। करीब दस वर्ष पुराने इस मामले में उच्च न्यायालय से स्थगनादेश हटने के बाद अब पीड़ितों को उनके हिस्से की जमीन दिलवाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। दरअसल, बंटवारे के दौरान कई ग्रामीणों को उनका हक नहीं मिला था, जबकि कुछ लोगों ने दूसरों की जमीन और पंचायती भूमि पर कब्जे जमा लिए थे। इस पूरे विवाद में पीड़ित पक्ष वर्षों से कोर्ट के चक्कर काट रहा था। कोर्ट ने पहले ही आदेश जारी कर दिए थे कि हर व्यक्ति को नक्शा और पैमाइश के अनुसार उसकी जमीन वापस दी जाए, चाहे वह किसी के भी कब्जे में हो। लेकिन हाईकोर्ट में दायर अपील पर लंबे समय तक स्टे लगा रहा। खरखौदा न्यायाधीश विक्रांत ने निर्देश दिए हैं कि न्यायालय के आदेशों का पालन हर हाल में किया जाए।

### एसडीएम मजिस्ट्रेट की भूमिका निभाएंगे

*न्यायाधीश ने स्पष्ट किया है कि यदि नायब तहसीलदार मजिस्ट्रेट छुट्टी पर रहते हैं तो उनकी जगह एसडीएम मजिस्ट्रेट की भूमिका निभाएंगे। एसडीएम के अवकाश पर होने पर एडीसी और उनके न रहने पर डीसी ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे। उन्होंने कहा कि न्यायालय का आदेश सर्वोपरि है और पीड़ित को अब और इंतजार नहीं कराया जाएगा। पिछली कार्रवाई के दौरान गांव में तनावपूर्ण माहौल रहा था, कई मकान गिरे थे और जमीनों की सीमाएं बदली थीं। इस बार प्रशासन ने भी पूरी तैयारी कर ली है। एसीपी को पर्याप्त पुलिस बल, विशेष रूप से महिला पुलिसकर्मियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए न्यायालय के आदेशों का पालन कराया जा सके।*

## विवि में अकादमिक व प्रशासनिक विकास केन्द्र होगा स्थापित

### एआईयू और भगत फूल सिंह महिला विवि के बीच एमओयू हस्ताक्षरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) और महिला विवि के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन पर एआईयू की सचिव डॉ. पंकज मित्तल व महिला विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने किए।

इस समझौते के तहत महिला विवि में अकादमिक एवं प्रशासनिक विकास केन्द्र की स्थापना की जाएगी, जिसके तहत पांच अल्पकालिक कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विवि के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और नेतृत्व विकास के अवसर प्रदान करना है। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि इस केन्द्र की स्थापना से विवि में शैक्षणिक गुणवत्ता, नीति निर्माण, प्रशासनिक दक्षता और नवाचार के नए मानक स्थापित होंगे।


**गोहाना।** एआईयू सचिव डॉ. पंकज मित्तल व विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव समझौता ज्ञापन दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### एमओयू से विवि को मिलेगी पहचान

यह पहल विवि को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगी। एआईयू सचिव डॉ. पंकज मित्तल ने बताया कि यह एमओयू विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग, अनुभवों के आदान-प्रदान, और संस्थागत प्रबंधन में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इस केंद्र के माध्यम से कार्यशाला, सेमिनार, प्रशिक्षण कार्यक्रम और शोध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर एआईयू की जॉइंट सेक्रेटरी मिस रंजना परिहार व महिला विवि के प्रबंधन विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अंशु भारद्वाज भी मौजूद रही।

## लक्षिता नेशनल लेवल शॉर्ट फिल्म मेकिंग कंपीटिशन में रही प्रथम

- मनोहर मैमोरियल कालेज फतेहाबाद की एनएसएस इकाई ने करवाया सफल आयोजन
- लक्षिता को 3100 रुपये के नकद पुरस्कार से नवाजा, कालेज में किया गया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नेशनल लेवल शॉर्ट फिल्म मेकिंग कंपीटिशन में जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस की स्वयंसेविका लक्षिता ने प्रथम पुरस्कार जीता। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने लक्षिता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी ने बताया कि मनोहर मैमोरियल कालेज फतेहाबाद की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में 28 अक्तूबर को नेशनल लेवल शॉर्ट फिल्म मेकिंग कंपीटिशन का आयोजन किया गया, जिसका परिणाम अब घोषित किया गया है। प्रतियोगिता में जीवीएम की एनएसएस की छात्रा बीकॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष की लक्षिता ने हिस्सा लेते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। माई जर्नी एज एनएसएस वोल्यूंटियर थीम पर आधारित प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विजेता लक्षिता को 3100 रुपये के पुरस्कार से नवाजा गया। कालेज लौटने पर उनका अभिनंदन किया गया। प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने कहा कि लक्षिता ने कालेज का नाम रोशन किया है।


लक्षिता।

**समस्या** ऑनलाइन सिस्टम में उलझे लोग, दस दिन में लाखों रुपयें के राजस्व का नुकसान

### प्रदेशभर की तहसीलों में एक नवंबर से पेपर लेस रजिस्ट्री को अनिवार्य किया गया

# तहसील में छाया सन्नाटा, दस दिन बीतने के बाद भी सिरे नही चढ़ रही पेपरलेस रजिस्ट्री की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सरकार द्वारा एक नवंबर से शुरू की गई पेपरलेस रजिस्ट्री व्यवस्था सुधार के बजाय राजस्व नुकसान का कारण बन गई है। दस नवंबर तक गन्नौर में केवल दो रजिसट्रियां ही हो पाई हैं जिससे सरकार को लाखों रुपये का राजस्व नुकसान हुआ है। ऑनलाइन प्रणाली में गड़बड़ी व प्रक्रिया की जटिलता के चलते आम लोग रजिस्ट्री नहीं करवा पा रहे हैं। पहले जहां मैन्युअल तरीके से तहसील में प्रतिदिन दर्जनों से अधिक रजिस्ट्रियां होती थीं वहीं अब तहसील में सन्नाटा पसरा रहता है। इससे पहले मैन्युअल प्रणाली से सरकार को रोजाना औसतन लाखों रुपये का राजस्व प्राप्त होता था। दरअसल प्रदेशभर की तहसीलों में एक नवंबर से पेपर लेस रजिस्ट्री को अनिवार्य कर दिया गया है। लेकिन मैन्युअल प्रणाली बंद होने के बाद लोग नई प्रणाली की जानकारी के अभाव में आमजन रजिस्ट्री नहीं कर पा रहे हैं। लोग रजिस्ट्री करवाने में असमर्थ हैं। नतीजतन सरकार को लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है। तहसील कार्यालयों में पहले जहां चहल-पहल रहती थी वहीं अब सन्नाटा छाया है।


**गन्नौर।** तहसील में पेपरलेस रजिस्ट्री के कारण सुना पड़ा रजिस्ट्री कार्यालय।

### एक ही आवेदन आया : नायब तहसीलदार

पेपर लेस रजिस्ट्री 1 नवम्बर से शुरू होने के बाद नायब तहसीलदार अमित ने बताया कि उनका नम्बर आने के बाद अब तक एक ही रजिस्ट्री पोर्टल पवर अपलोड हुई थी। उसमें कमियां होने के कारण नही हो पाई। इस प्रक्रिया को अर्जीनवीस व लोग समझ रहे है। आवेदन आते ही रजिस्ट्री कर दी जाएगी। वहीं तहसील ललिता दलाल से इस बारे में पूछना चाहा तो उनसे सम्पर्क नही हो पाया।

### दस्तावेज लेकर तहसीलों के चक्कर काट रहे लोग

दस दिनों से तहसील कार्यालय के रजिस्ट्री कक्ष वीरान पड़े हैं। ऑनलाइन प्रक्रिया की जटिलता के कारण लोगों को यह भी समझ नहीं आ रहा कि पेपर लेस रजिस्ट्री कैसे होगी और इसमें कितना समय लगेगा। लोग दस्तावेज लेकर तहसीलों के चक्कर काट रहे है। एक नवंबर से पेपरलेस रजिस्ट्रीशुरू हो चुकी है।

### इस तरह करें पेपरलेस रजिस्ट्री के लिए आवेदन

नायब तहसीलदार ने बताया कि अमित ने बताया कि पेपर लेस प्रॉपर्टी रजिस्ट्री के लिए व्यक्ति को सबसे पहले संबंधित पोर्टल पर जाना होगा। वहां लॉग इन कर आधार या ओटीपी के माध्यम से अपनी पहचान सत्यापित करनी होगी। इसके बाद ऑनलाइन सेल डीड फॉर्म भरकर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। तभी आवेदन स्वीकार होगा।

## न्यूज डायरी



### बाल विवाह के विरूद्ध 100 दिवसीय अभियान शुरू

**सोनीपत।** बाल विवाह के खिलाफ 100 दिवसीय अभियान की शुरूआत की गई है। वहीं, बाल विवाह मुक्त भारत नामक अभियान के तहत जिला महिला एवं बाल विकास विभाग, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा एमडीडी आफ इंडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सोनीपत जिले के सिटावली गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चलाया गया। इधर, प्रधानाचार्य चांद किशोर व सिटावली की सरपंच प्रोमिला ने कहा कि जहां तक मेरी जानकारी है बाल विवाह जो बच्चों के विकास में बाधा है, ग्राम पंचायत इस पर पैनी नजर रखे हुए हैं तथा ग्राम पंचायत में ना तो बाल विवाह हुआ है तथा ना ही कभी होगा। एमडीडी ऑफ इंडिया से सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता सरिता, एमडीडी आफ इंडिया संस्था से जिला समन्वयक डॉ. राज सिंह सांगवान ने भी बाल विवाह के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस अवसर पर सरिता, रममन्ना, सुनीता देवी समेत बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।



### मदन मोहन मालवीय को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**गोहाना।** सेक्टर-7 गोहाना स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में मदन मोहन मालवीय की 179वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने मदन मोहन मालवीय के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता मदनलाल धींगड़ा पार्क स्थित वृद्धाश्रम के पूर्व अध्यक्ष अशोक आर्य ने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रणेता तो थे ही वे इस युग के आदर्श पुरुष भी थे। वह भारत के पहले और अंतिम व्यक्ति थे जिन्हें महामना की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया। पत्रकारिता, वकालत, समाज सुधार, मातृभाषा तथा भारत माता की सेवा में उन्होंने अपना पूरा जीवन अर्पण कर दिया। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। समारोह में सुरेश पंवार, विकास धीमान, रणधीर राठी, नरेंद्र मलिक, मास्टर हवा सिंह, धर्मवीर सांगवान, सरवर पांचाल व डॉ. मनोज मलिक उपस्थित रहे।




### दून स्कूल के बच्चों ने दी रचनात्मक प्रस्तुति

**गोहाना।** गीता यूनिवर्सिटी, नौल्था में 10 नवंबर को विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी सराहनीय रचनात्मक प्रस्तुति दी। मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल के चेयरमैन राजेश कुमार और प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने अपना आशीर्वाद देते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। विज्ञान प्रदर्शनी में हरियाणा व दिल्ली के लगभग 25 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा एवं नवाचारपूर्ण मॉडलों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में दून पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी राघव, इनेशा, दीपांशु, दक्ष, आदित्य और देव ने अपनी शिक्षिका चंचल के मार्गदर्शन में रचनात्मक मॉडल प्रस्तुत किए जिनकी खूब सराहना की गई। स्कूल के चेयरमैन राजेश कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान भावना और नवाचार की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करते हैं।



### आयकर विभाग में हुई अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल

**सोनीपत।** अग्नि एवं सुरक्षा विभाग, सोनीपत के सहयोग से आयकर विभाग, सोनीपत कार्यालय परिसर में आज दोपहर 12 बजे एक अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल (अभ्यास प्रदर्शन) आयोजित किया गया। इस मॉक ड्रिल में फायर एंड सेफ्टी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा आयकर विभाग, सोनीपत के अधिकारी और स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों की जानकारी देना और तत्परता बढ़ाना था। इस अवसर पर आयकर अधिकारी व नोडल अधिकारी अशोक उन्नति एवं विपिन, आयकर अधिकारी वरुण देव, आयकर अधिकारी तथा निरीक्षक ओम प्रकाश, निरीक्षक आशीष मित्तल, अधीक्षक आशीष कादियान, अमित कुमार, आशीष चिकारा तथा हितेश गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आग लगने की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया, अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग तथा सुरक्षित निकासी के तरीकों का प्रदर्शन किया गया।

### चोंटी-जनेऊ सनातन धर्म की पहचान : आचार्य

**सोनीपत।** काठमंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अथर्ववेद महायज्ञ के दूसरे दिन ब्रह्मा आचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि चोंटी, जनेऊ, संध्या और हवन हमारे सत्य सनातन वैदिक धर्म की पहचान हैं। जो लोग अपने आप को सनातन धर्म के अनुयायी बताते हैं, उन्हें धर्म की पहचान बनाए रखने के लिए चोंटी, जनेऊ, संध्या और हवन को अपने जीवन का अंग बना लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अथर्ववेद के अनुसार पूर्णिमा और अमावस्या के दिन वैदिक रीति से यज्ञ करने वाला व्यक्ति सदा नीरोग रहता है। महायज्ञ में ओमप्रकाश मलिक-सुमित्रा, कुलदीप-आरती, जितेंद्र दहिया-आशा, अमरजीत-सुषमा, राहुल-पूजा, सतबीर भनवाला-निर्मला यजमान बने। इस अवसर पर आर्य समाज के मंत्री कपिल देव, कोषाध्यक्ष अरुण दहिया, पुरुषोत्तम दास, गोल्डी सरोहा, सतीश दहिया, विजय कुमार, सत्यवीर आर्य, रमेश कुमार आर्य, प्रवीण दहिया, आशा रानी, नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।


**सोनीपत।** कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए आर्य समाज के पदाधिकारी।

### यूपी हादसा: सांसद-विधायक ने परिजनों को दी सांत्वना

**गोहाना।** हरिद्वार जाते समय 7 नवंबर की रात शामली हाईवे के पास हुई भीषण सडक़ दुर्घटना में गांव बरोदा के चार युवक आशीष पुत्र स्व. मेहर चंद मोर, परमजीत पुत्र स्व. आनंद मोर, विवेक पुत्र बलराज मोर व साहिल पुत्र सुनील मोर की मौत हो गई थी। बुधवार को सांसद दीपेंद्र हुड्डा और विधायक इंदुराज नरवाल ने मृतकों के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि गांव के चार होनहार युवाओं की सडक़ हादसे में मौत अपूरणीय क्षति है। इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। पार्टी नेता गांव में अन्य परिवारों के दुख में भी शामिल हुए। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, जिला अध्यक्ष संजीव दहिया, जिला अध्यक्ष कमल दीवान, अनूप मलिक, मास्टर जगदीश भावड़, रघुवीर जागसी, जगशेर नूरनखेड़ा व रवि इंदौरा सहित पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने मृतकों की आत्मिक शांति की कामना की।


**गोहाना।** मृतकों के स्वजनों को सांत्वना देते हुए दीपेंद्र हुड्डा, इंदुराज नरवाल व अन्य।

## खबर संक्षेप

### एनएचएआई का 5 दुकानों को गिराने का नोटिस



**खरखौदा।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से नेशनल हाईवे 334 बी खरखौदा-सोनीपत बाईपास चौराहे के पास बनी करीब 5 दुकानों को खाली कराने की तैयारी तेज कर दी गई है। प्राधिकरण ने दुकानदारों को पहले ही नोटिस जारी कर दिया था, लेकिन तय समय बीत जाने के बाद भी कब्जे नहीं हटाए गए। कनिष्ठ अभियंता अनीश राठी ने बताया कि यह जमीन रिकॉर्ड के अनुसार पहले ही अधिग्रहित की जा चुकी है और यहां पिलर भी लगाए गए थे, जिन्हें कुछ लोगों ने हटाकर अवैध कब्जे कर लिए। अब ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के लिए अर्जी दी गई है। मजिस्ट्रेट मिलते ही पुलिस प्रशासन की मदद से दुकानों को गिराया जाएगा। बताया जाता है कि इस पूरे मामले की शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंची थी, जिसके बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

### बदमाशों ने युवक का मोबाइल छीना, गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-23 में साइबर थाना के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने युवक का मोबाइल छीन लिया। युवक की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में जटवाड़ा निवासी प्रिंस व मान और आदर्श नगर निवासी गोपाल शामिल हैं। आरोपितों से पास से छीना गया मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली गई है। मंगलवार को दहिया कॉलोनी निवासी अनीश किसी काम से सेक्टर 23 सोनीपत में गए थे। जब वह साइबर थाने के पास से पैदल घर की तरफ आ रहे थे, इसी दौरान काले रंग की बाइक पर सवार होकर तीन लड़के आए और झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर भाग गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। बाद में आरोपितों की पहचान कर उनको गिरफ्तार कर लिया।

### कुशल बिजनेस चैलेंज में बेगा की टीम प्रथम

**गन्नौर।** खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गन्नौर में सोमवार को कुशल बिजनेस चैलेंज खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खंड गन्नौर के विभिन्न राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की कुल 19 टीमों ने भाग लिया। प्रथम स्थान पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेगा की एमजेएस स्टूडियो टीम ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खूबडू की अक्षय टीम को मिला। तृतीय स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चिरस्मी की स्टाइलो हब टीम को, जबकि चतुर्थ स्थान अगवानपुर की टीम को मिला।

# रामकरण हत्याकांड का आरोपी सुनील लंबू गिरफ्तार, कान पकड़कर मांगी माफी



■ मथुरा के लेकर जम्मू कश्मीर तक फरारी काटी ■ विदेश भागने की फिराक में था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

क्रिकेट कोच रामकरण की हत्या के मामले में करीब नौ दिन बाद मुख्य आरोपित सुनील लंबू आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस हिरासत में सुनील लंबू कान पकड़कर माफी मांगता हुआ नजर आया।

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स इंचार्ज निरीक्षक अजय धनखड़ व गन्नौर सीआईए इंचार्ज उप निरीक्षक मुकेश कुमार की टीम ने पुलिस ने आरोपित को आपरेशन ट्रैक डाउन के तहत उसे बिस्वामील, राई से गिरफ्तार किया। उप पुलिस उपायुक्त अपराध नरेंद्र कादियान ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर आरोपित के विदेश भागने की तैयारी थी, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी से पहले ही लुकआउट नोटिस जारी कर उसके सभी बैंक खातों और पासपोर्ट को सील कर दिया था, ताकि वह आर्थिक रूप से कमजोर पड़े और छिपने की कोशिश में विदेश न भाग सके। पुलिस जांच में सामने आया है कि सुनील लंबू ने राजनीतिक द्वेष के कारण इस हत्या की घटना को अंजाम दिया, हालांकि गन्नौर सीआईए पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर 3 दिन रिमांड पर ले लिया है, ताकि उससे हत्या के स्पष्ट कारणों, हत्या में प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्तौल और वारदात से जुड़े अन्य तथ्यों की जानकारी प्राप्त की जा सके।

उप पुलिस उपायुक्त नरेंद्र कादियान ने बताया कि जल्द ही पूरे मामले की तह तक पहुंचा जाएगा और इस हत्याकांड में शामिल सभी सहयोगियों का भी पता लगाया जा रहा है।

#### 3 नवंबर को मारी थी गोली

सुनील लंबू ने गत 3 नवंबर की शाम को चुनावी रंजिश के चलते पूर्व क्रिकेट कोच रामकरण की गोलियों मार कर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद से ही वह फरार चल रहा था। पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थीं, लेकिन आरोपित ने गिरफ्तारी से बचने के लिए जगह-जगह ठिकाने बदल लिए थे।

#### 3 नवंबर को मारी थी गोली

उप पुलिस उपायुक्त अपराध नरेंद्र कादियान फरारी के दौरान सुनील लंबू कुछ दिन उत्तरप्रदेश के मथुरा में रहा। इसके बाद वह जम्मू-कश्मीर में छिपा रहा। वह अब विदेश भागने का तैयारी में था, लेकिन पासपोर्ट व बैंक खाते सील होने की वजह से उसकी मुश्किलें बढ़ गईं। वह नेपाल भागने की फिराक में था, लेकिन राई बिसवामील के पास पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

#### पुराना आपराधिक रिकार्ड

साल 2005 में सुनील लंबू पर हांसी थाना में आत्महत्या के लिए उकसाने और मारपीट का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस रिकार्ड के अनुसार, यह दोनों मामले लंबे समय तक अदालत में विचाराधीन रहे।

### सोनीपत में ग्रैप 3 लागू : सुबह और शाम के समय शहर के आसमान में घना स्मॉग छाया

# एक्यूआई 372 पहुंचा, नहीं थम रहे पराली और कूड़ा जलाने के मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में हवा लगातार तीसरे दिन भी जहरीली बनी रही है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बुधवार को 372 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। प्रदूषण नियंत्रण के लिए लागू ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान-3 (ग्रैप-3) के बावजूद शहर के कई इलाकों में कूड़ा और पराली जलाए जाने की घटनाएं थम नहीं रही हैं। सुबह और शाम के समय वातावरण में घना स्मॉग छाया रहता है, जिससे दृश्यता घटने के साथ-साथ हवा में ठंडक और प्रदूषण की परत मिलकर सांस लेना मुश्किल बना रही है। बता दें कि नवंबर की शुरुआत से ही जिले में एक्यूआई लगातार 200 के ऊपर बना हुआ है। सोमवार को जहां यह 345 दर्ज किया गया था, वहीं मंगलवार को बढ़कर 381 तक पहुंच गया। बुधवार को उत्तर-पश्चिमी हवा चलने से उम्मीद जताई जा रही थी कि वायु गुणवत्ता में सुधार होगा, लेकिन हालात में कोई खास फर्क नहीं आया और एक्यूआई 372 तक दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि धीमी हवाएं, प्रदूषण के स्रोतों पर नियंत्रण की कमी और लगातार पराली जलाने की घटनाएं प्रदूषण को बढ़ा रही हैं।

■ उत्तर-पश्चिमी हवा चलने से भी लोगों को प्रदूषण से राहत नहीं मिली



**सोनीपत।** बहालगढ़ में कूड़े में लगाई गई आग।

#### धुंध व धुएं की मिश्रित परत से खतरनाक बना पर्यावरण

शहर के प्रमुख इलाकों में सुबह के समय धुंध और धुएं की मिश्रित परत साफ दिखाई देती है। वाहन चालकों को दृश्यता में कमी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सांस संबंधी रोगियों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह हालात बेहद खतरनाक बने हुए हैं। चिकित्सकों के अनुसार इस स्तर की हवा में लंबे समय तक बाहर रहने से फेफड़ों, हृदय और आंखों पर सीधा असर पड़ सकता है। प्रदूषण से खांसी, गले में जलन और आंखों में खुजली जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

#### बेवजह घरों से न निकले

डॉक्टरों ने नागरिकों से अपील की है कि ऐसे मौसम में अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें, मास्क का प्रयोग करें और घरों में एयर प्यूरीफायर या पौधों के माध्यम से स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का प्रयास करें। प्रशासन ने भी प्रदूषण नियंत्रण नियमों का सख्ती से पालन कराने और खुले में कूड़ा जलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वहीं जिले में ग्रैप-3 के नियमों को ताक पर रखा जा रहा है। बहालगढ़ में जगह-जगह कूड़े के ढेर में आग लगी दिखाई दी। शहर में निर्माण सामग्री को ढका नहीं गया था। ग्रैप-3 में निजी निर्माण कार्यों पर रोक लगी है। सड़कों व निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण की सख्ती से पालना कराना आवश्यक है। कूड़ा, पत्ते व कचरा जलाने पर पूर्ण रोक है। नियमों की अवहेलना प्रदूषण नियंत्रण की मुहिम पर सवाल खड़े कर रही है।

#### ऐसे बढ़ रहा एक्यूआई

| तिथि | एक्यूआई |
|---|---|
| 12 | 372 |
| 11 | 381 |
| 10 | 345 |
| 9 | 251 |
| 8 | 251 |

#### राहत की उम्मीद कम

बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हवा की दिशा एक बार फिर से उत्तर-पश्चिम हो गई है। अभी प्रदूषण से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद बेहद कम है। मौसम पूरी तरह से शुष्क बना हुआ है। जल्द नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। जिसके प्रभाव से अगर बूंदाबांदी हुई तो राहत मिल सकती है।

**डॉ.प्रेमदीप**, मौसम वैज्ञानिक, केवीके सोनीपत

### युवती को सब इंस्पेक्टर लगवाने का झांसा देकर 11 लाख रुपये की ठगी

**» पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी, तीन पर केस दर्ज**

**गोहाना।** गांव रभड़ा के बुजुर्ग से पुत्रवधू को दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर लगवाने का झांसा देकर तीन लोगों ने 11 लाख रुपये ठग लिए। लगभग दो साल तक नौकरी नहीं लगी तो उसने रुपये वापस मांगे। आरोपितों ने धमकी दी कि भाग जा नहीं तो जान से मरवा देंगे। इस पर उसने पुलिस को शिकायत दी, जिस पर तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। सतनारायण ने ठगी का आरोप गांव ककाना के अंकुश, गांव रभड़ा के कुलदीप और रोहतक में गांव लाढौत के प्रवेश पर लगाया है। सतनारायण का कहना है कि लगभग दो साल पहले उसके गांव के कुलदीप ने उससे कहा कि आपकी पुत्रवधू को वह दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर से भर्ती करवा देगा। यह काम करवाने के लिए उसके पास एक आदमी है। उसने शुरूआत में तो मना कर दिया लेकिन बार-बार कहने पर वह झांसे में आ गया। अंकुश ने कहा कि वह दिल्ली में उसकी पुत्रवधू को सब इंस्पेक्टर लगवा देगा, जिस पर 25 लाख रुपये लगेंगे। 11 लाख रुपये पहले और 14 लाख रुपये काम होने के बाद देने को कहा। उन्होंने आधे रुपये नकद दिए तो आधे आनलाइन ट्रांसफर कराए। वह काफी दिन तक इंतजार करता रहा लेकिन उसकी पुत्रवधू की नौकरी नहीं लगी।

### बंद डेयरी से सामान व नकदी चोरी

**गोहाना।** खानपुर कलां मार्ग स्थित एक बंद डेरी में चोरों ने सेंध लगा दी। चोर यहां से 36 हजार रुपये, मोबाइल, एलईडी चोरी कर ले गए और सीसीटीवी तोड़ गए। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी गई। शहर में रहने वाले विजय ने पुलिस को बताया कि वह पहले दूध बेचने का काम करता था और खानपुर कलां मार्ग स्थित निजी स्कूल के निकट डेरी की थी। ठीक से काम नहीं चला तो पशुओं की बिक्री कर दी थी। अब डेरी बंद है लेकिन परिवार के लोग यहां आते-जाते हैं। वह शादी समारोह में गया तो चोरों ने पीछे से डेरी में सेंध लगाई। दरवाजे का ताला तोड़कर चोर अंदर आए। इसके बाद सीसीटीवी तोड़े गए। चोर डेरी के कमरे में रखी नकदी, मोबाइल व एलईडी चोरी कर ले गए। उसने एक युवक व उसके साथियों पर चोरी का संदेह जताया।

### गलत दिशा में कार मोड़ने से हादसा, परिवार के चार सदस्य घायल

**गन्नौर।** जीटी रोड पर डिवाइन सिटी के पास मंगलवार सुबह एक कार चालक द्वारा गाड़ी को गलत दिशा में मोडने से बड़ा हादसा हो गया। अचानक हुई इस लापरवाही के चलते कई वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही बड़ी थाना पुलिस व ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, पलवल निवासी राहुल मंगलवार को अपने जीजा सन्नी सहरावत, बहन पिंकी और उसके दो बच्चों को लेकर समालखा स्थित चुलकाना धाम जा रहा था। जैसे ही उनकी कार डिवाइन सिटी के पास पहुंची, सामने से आ रही एक कार चालक ने अचानक गाड़ी को गलत दिशा में मोड़ दिया। इससे सामने चल रहे ट्रक चालक ने तुरंत ब्रेक लगा दिए।

#### बस भी कार से टकराई, वाहन के परखच्चे उड़े



ट्रक के अचानक रुकने से राहुल की कार ट्रक से टकरा गई और पीछे से आ रही हरियाणा रोडवेज की बस ने भी उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें बैठे यात्री बुरी तरह फंस गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से कार को खींचकर घायलों को बाहर निकाला। इस हादसे में सन्नी सहरावत, पिंकी और उसके दोनों बच्चे घायल हो गए, जबकि चालक राहुल सुरक्षित बच गया। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों ओर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों को एक ओर हटाकर जाम को खुलवाया। बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि सभी घायलों को पानीपत के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि घटना को लेकर पुलिस जांच कर रही है और पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अब बंदरों से मिलेगी राहत, नपा ने जारी किया टेंडर

**गन्नौर।** शहरवासियों को जल्द ही बंदरों के आतंक से राहत मिलने की उम्मीद है। नगर पालिका ने बंदर पकड़ने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। टेंडर लेने वाली एजेंसी को निर्देश दिए गए हैं कि पकड़े गए बंदरों को कलेसर के जंगलों में सुरक्षित रूप से छोड़ा जाएगा। लंबे समय से शहर में बंदरों का झुंड गलियों और बाजारों में उत्पात मचा रहा है। कई बार बंदरों के झपटने से बच्चे और बुजुर्ग घायल हो चुके हैं। लोग घरों की छतों और बालकनियों में जाने से भी कतराने लगे हैं। नगर पालिका को भी लंबे समय से बंदरों की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। 14 नवंबर को टेंडर खोला जाएगा। जिस एजेंसी को यह टेंडर मिलेगा उसे आवश्यक उपकरण और टीम की व्यवस्था करनी होगी। अभियान के दौरान बंदरों को किसी प्रकार की हानि नहीं पहुंचाई जाएगी। उन्हें सुरक्षित पकड़कर वन विभाग के सहयोग से कलेसर के जंगलों में छोड़ा जाएगा।

#### बाजारों व रिहायशी क्षेत्रों से शुरू होगा बंदर पकड़ो अभियान



नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि शहर में बंदरों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई थी। जिसके बाद पालिका ने तुरंत कदम उठाने का निर्णय लिया। अभियान शुरू होने के बाद शहर के मुख्य बाजारों, स्कूलों और रिहायशी क्षेत्रों में सबसे पहले कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका की प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा और शहर की स्वच्छता सुनिश्चित करना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान : एनएच-44 पर बड़ी कार्रवाई

# बहालगढ़ चौक, खेवड़ा रोड, बिस्वा मील चौक और जीरो पाइंट केएमपी क्षेत्र से हटाए गए अवैध कब्जे

■ अवैध ठेले, झोपड़ियां, अस्थायी ढांचे और अवैध पार्किंग को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

पुलिस आयुक्त ममता सिंह के दिशा-निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक एवं क्राइम नरेन्द्र कादयान के मार्गदर्शन में सोनीपत पुलिस ने मंगलवार को अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस ने एनएच-44 के बहालगढ़ चौक, खेवड़ा रोड, बिस्वा मील चौक और जीरो पॉइंट केएमपी क्षेत्र से अवैध कब्जे हटाकर सड़क मार्गों को पुनः सुचारू बनाया। अभियान के दौरान पुलिस ने नगर निगम और संबंधित विभागों की टीमों के साथ मिलकर सड़क किनारे लगे अवैध ठेले, झोंपड़ियां, अस्थायी ढांचे और अवैध पार्किंग को हटाया। कार्रवाई के समय लोगों को चेतावनी दी गई कि वे दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

■ अभियान के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही







#### अवैध कब्जों के कारण सड़क हादसों का डर : कर्मबीर सिंह

ट्रैफिक थाना मुरथल प्रभारी निरीक्षक कर्मबीर सिंह स्वयं पुलिस टीमों के साथ मौके पर मौजूद रहे और ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग किया। अधिकारियों ने बताया कि एनएच-44 क्षेत्र में अवैध कब्जों के कारण यातायात जाम की स्थिति और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ रही थी। इसलिए यह कदम आमजन की सुविधा और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। भविष्य में भी जारी रहेगा अभियान पुलिस ने स्पष्ट किया कि ऐसे अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे ताकि मुख्य मार्गों पर यातायात सुचारू रहे और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। अभियान का उद्देश्य न केवल सड़क से अतिक्रमण हटाना है बल्कि नागरिकों में यातायात अनुशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सफाई, सुगमता और सुरक्षा की भावना बढ़ी है, जिससे आमजन ने राहत की सांस ली है।

### किसान यूनियन के झंडा व आईकार्ड लगे वाहनों को टोल पर नहीं रोका जाएगा

**मोहाना टोल पर किसान यूनियन और टोल प्रबंधन के बीच हुई बैठक में सुलझा विवाद**

**सोनीपत।** भारतीय किसान यूनियन (एकता सिद्धूपुर) के बैनर तले बुधवार को किसान प्रतिनिधि मोहाना टोल पर एकत्र हुए। यूनियन के गोहाना ब्लॉक प्रधान राजबीर माजरा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में किसान नेताओं ने हाल ही में टोल पर यूनियन पदाधिकारियों को परेशान किए जाने की घटनाओं पर रोष जताया। स्थिति को देखते हुए टोल पर पुलिस के उच्च अधिकारियों के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। बैठक में टोल मैनेजमेंट और किसान यूनियन पदाधिकारियों के बीच आपसी संवाद हुआ। टोल प्रबंधन ने कहा कि यदि उनकी ओर से पहले किसी से अनजाने में कोई गलती हुई है तो वे उसे स्वीकार करते हैं और भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं होंगी। किसान नेताओं ने मांग रखी कि जिन वाहनों पर किसान यूनियन का झंडा, बैज या आईकार्ड लगा हो, उन्हें टोल पर नहीं रोका जाए, जिस पर टोल प्रबंधन ने सहमति जताई।



#### इन मुद्दों पर सहमति

किसान यूनियन के नेताओं ने पदाधिकारियों से अपील की कि कोई भी खाली कार्ड लेकर न आए, क्योंकि ऐसे कार्ड मान्य नहीं होंगे। वहीं, टोल प्रबंधन ने फर्जी कार्ड के दुरुपयोग की बात कही, जिस पर यूनियन नेताओं ने भरोसा दिलाया कि फर्जी कार्डधारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र पहल, प्रदेश सचिव वीरेंद्र खोखर, जिला प्रधान बेदी दहिया, युवा जिला प्रधान प्रवीण दहिया, जिला कोऑर्डिनेटर इंदरजीत राणा, जिला प्रवक्ता देशपाल रोहणा, जिला कोषाध्यक्ष बिजेंद्र मटिण्डू, बबला प्रधान बड़वासनी, अत्तर सिंह दहिया, नरेंद्र सांगवान, भूपेंद्र मलिक, जसमेर महला, शक्ति दहिया, रामनिवास निजामपुर, साबिर अली, रविंदर लाकड़ा, कपूर दहिया, लीलू तिहाड़ा, राज सिंह हलालपुर सहित अन्य मौजूद रहे।